Title: Need to declare Bilaspur Madla State Higways of Madhya Pradesh, as the National Highway.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : मध्य प्रदेश राज्य में बिलासपुर मंडला राजमार्ग को राष्ट्रीय मार्ग घोषित करने के सम्बन्ध में मैं कुछ कहना चाहूंगा। बिलासपुर मंडला मार्ग बहुत जर्ज हालत में है। राज्य सरकार कार्य कराने में असमर्थ है। राष्ट्रीय मार्ग घोषित करने के लिए प्लान में डाल दिया है। राज्य सरकार डिफाल्टर की स्थिति में है। आए दिन वहां वहां एक्सीडेंट होते रहते हैं और वर्षा ऋतु में को आवागमन की सुविधा नहीं होती। ऐसी परिस्थितियों में मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि बिलासपुर मंडला मार्ग वाया मुंगेली जोड़ा जाए। बिलासपुर से रायपुर मार्ग भी स्वीकृत हो चुका है और जबलपुर मार्ग भी स्वीकृत हो चुका है। बिलासपुर मंडला मार्ग की दूरी केवल 200 किलो मीटर है इसलिए इसे राष्ट्रीय मार्ग घोषित किया जाए।

15.00 hrs.